आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

# रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)
कोर 4, स्कोप कांप्लेक्स, 7, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
फोन: 24365161, फैक्स: 24360644, वेबसाइट: www.recindia.com
सीआईएन: L40101DL1969GOI005095



## समृद्धतर भविष्य की ओर...

बोर्ड द्वारा 1:1 के अनुपात में बोनस शेयरों की अनुशंसा

### 30/06/2016 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन गैर-लेखापरीक्षित परिणामों का सार

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30/06/2016 (गैर-लेखापरीक्षित) | समाप्त वर्ष 31/03/2016 (लेखापरीक्षित) | समाप्त तिमाही 30/06/2015 (गैर-लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 5,953.65 | 23,638.35 | 5,662.89 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ (कर पूर्व, अपवादात्मक एवं असाधारण मदें) | 2,052.73 | 8,045.21 | 2,124.22 |
| 3 | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ (अपवादात्मक एवं असाधारण मदों के पश्चात) | 2,052.73 | 8,045.21 | 2,124.22 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ (अपवादात्मक एवं असाधारण मदों के पश्चात) | 1,420.86 | 5,627.66 | 1,478.58 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [आवधि के लिए लाभ सहित (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात)] | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹ 10 प्रति शेयर) | 987.46 | 987.46 | 987.46 |
| 7 | आरक्षित एवं अधिशेष (पुनर्मूल्यन आरक्षित निकालकर) (लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार 31 मार्च की यथास्थिति) | 27,630.30 | 27,630.30 | 25,279.84 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (₹ 10 प्रति) (आगे जारी रहने वाले एवं बंद हो चुके प्रचालनों के लिए) (₹ में) | | | |
| | मूल | 14.39 | 56.99 | 14.97 |
| | डायल्यूटिड | 14.39 | 56.99 | 14.97 |

**टिप्पणीः** 1) 30 जून, 2016 को समाप्त तिमाही के दौरान, कंपनी ने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी व्युत्पन्न अनुबंधों, जो 01 अप्रैल, 2016 से लागू हुए हैं, के लिए लेखाकरण पर दिशानिर्देश टिप्पणी के अनुरूप व्युत्पन्न अनुबंधों के लिए लेखाकरण संबंधी नीति को परिशोधित कर दिया है। दिशानिर्देश टिप्पणी में उल्लिखित संक्रमणकालीन उपबंधों के अनुसार, ₹ 86.75 करोड़ (₹ 45.92 करोड़ के करों की निवल राशि) की राशि को आरक्षित धन के प्रारंभिक शेष में समायोजित कर दिया है, जो 31 मार्च, 2016 तक ब्याज दर स्वैप के उचित मूल्य में हुए परिवर्तन को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा, ₹ 35.89 करोड़ की ब्याज दर स्वैप पर अर्जित उचित मूल्य को परिशोधित लेखाकरण नीति के अनुसार 30 जून, 2016 को समाप्त तिमाही के लाभ एवं हानि विवरण के लिए बुक कर दिया गया है।

इसके अलावा, हेज्ड ऋणों तथा तदनुरूपी व्युत्पन्न अनुबंधों पर विदेशी मुद्रा विनिमय मतभेदों के उपचार पर लेखाकरण नीति को भी परिशोधित किया गया है ताकि उसे लेखाकरण मानक-11 के अनुसार ऐसी मदों की शेष अवधि के दौरान दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा वित्तीय मदों पर विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव हानि/(लाभ) के ऋण चुकता करने हेतु विद्यमान लेखाकरण नीति के अनुरूप किया जा सके। इस परिवर्तन के प्रभाव, पिछले वर्ष से संबंधित विदेशी मुद्रा विनिमय उतार-चढ़ाव हानि ₹ 29.79 करोड़ तथा चालू अवधि से संबंधित विदेशी मुद्रा विनिमय उतार-चढ़ाव लाभ ₹ 1.91 करोड़ को 30 जून, 2016 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय लागत में समायोजित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, 'विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद अंतरण अंतर खाते' में चुकता की जाने वाली शेष राशि ₹ 172.36 करोड़ (30 जून, 2015 के अनुसार ₹ 403.77 करोड़) है। लेखाकरण नीतियों में हुए इन परिवर्तनों के कारण, 30 जून, 2016 को समाप्त तिमाही के लिए कर पूर्व लाभ ₹ 8.01 करोड़ अधिक है।

2) जैसा कि कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया है, कंपनी वित्त-वर्ष 2018-19 से भारतीय लेखाकरण मानक (इंड-एएस) को लागू करेगी। तदनुसार, उपरोक्त 'अन्य व्यापक आय' के संबंध में जानकारी को उपलब्ध नहीं कराया जा सकेगा क्योंकि इस शब्दावली को केवल भारतीय-लेखाकरण मानक के तहत परिभाषित किया गया है।

3) उपरोक्त जानकारी, सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं), विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दर्ज तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारुप का एक उद्धरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारुप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com तथा www.nse-india.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.recindia.com) पर भी उपलब्ध है।

कृते रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
ह./-
(राजीव शर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00973413

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11 अगस्त, 2016